
# अध्याय – I


## प्रस्तावना

### *1.1 भारत में विद्युत क्षेत्र परिदृश्य और हाइड्रो पावर उत्पादकों की भूमिका*

हाइड्रो पावर ऊर्जा का एक नवीकरणीय और पर्यावरण अनुकूल स्रोत है। चूंकि हाइड्रो पावर स्टेशनों में तात्कालिक प्रचालनों के लिए अन्तर्निहित सामर्थ्य होता है, इसलिए वे उच्च मांग को पूरा करने और विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता को सुधारने के लिए अधिकांश अन्य उर्जा स्रोतों की अपेक्षा अधिक उपयुक्त होते हैं।

31 मार्च 2015 तक प्रतिष्ठापित क्षमता के इष्टतम उपयोग के लिए आवश्यक 60 प्रतिशत थर्मल और 40 प्रतिशत हाइड्रो के आदर्श उर्जा स्वरूप[1] के प्रति देश में कुल प्रतिष्ठापित क्षमता और कुल उत्पादन की तुलना में हाइड्रो प्रतिष्ठापित क्षमता और हाइड्रो उत्पादन का शेयर क्रमशः 15.19 प्रतिशत और 12.38 प्रतिशत भाग था। देश में प्रतिष्ठापित कुल हाइड्रो पावर क्षमता के 23.72 प्रतिशत भाग (मार्च 2015) एनएचपीसी लिमिटेड (एनएचपीसी), एसजेवीएन लिमिटेड (एसजेवीएन), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसी) और एनएचडीसी लिमिटेड (एनएचडीसी[2]) के पास है जो कि मुख्य हाइड्रो विद्युत उत्पादक है।




### *1.2 हाइड्रो पावर क्षेत्र सीपीएसईज का प्रोफाइल*

एनएचपीसी, एसजेवीएन, टीएचडीसी और एनएचडीसी हाइड्रो पावर क्षेत्र में महत्वपूर्ण केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसईज) हैं। इन सीपीएसईज का प्रोफाइल दिनांक 31 मार्च 2015 को विवरण तालिका 1.1 में दिया गया हैं।

---

[1] *2001-02 के लिए विद्युत मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार*

[2] *एनएचडीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड और मध्य प्रदेश सरकार के मध्य 51:49 अनुपात में भागीदारी वाली संयुक्त उद्यम कम्पनी है।*


**तालिका 1.1**


**निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए चयनित सीपीएसईज का प्रोफाइल**

| विवरण/कंपनी का नाम | एनएचपीसी | एसजेवीएन | टीएचडीसी | एनएचडीसी |
|---|---|---|---|---|
| समावेश का माह/वर्ष | नवम्बर 1975 | मई 1988 | जुलाई 1988 | अगस्त 2000 |
| विद्युत स्टेशनों का स्थान | हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और मणिपुर | हिमाचल प्रदेश | उत्तराखण्ड | मध्य प्रदेश |
| 31 मार्च 2015 को प्रतिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता | 4961.20 मे.वा. | 1912 मे.वा. | 1400 मे.वा. | 1520 मे.वा. |
| विद्युत उत्पादक संयंत्रों की संख्या | 18 | 2[3] | 2 | 2 |
| 31 मार्च 2015 को कुल इक्विटी में केंद्र/राज्य सरकार के हिस्से का प्रतिशत | केंद्रः 85.96 (शेष सार्वजनिक, एफआईज इत्यादि) | केंद्रः 64.46 राज्य : 25.51(शेष सार्वजनिक, एफआईज इत्यादि) | केंद्रः 73.51राज्य : 26.49 | एनएचपीसीः 51.08राज्यः 48.92 |

## *1.3 हाइड्रो पावर सीपीएसईज का योगदान*

31 मार्च 2015 को वर्ष 2014-15 के लिए देश की कुल प्रतिष्ठापित हाइड्रो पावर उत्पादन क्षमता और कुल हाइड्रो पावर उत्पादन (केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र) में एनएचपीसी, एसजेवीएन, टीएचडीसी और एनएचडीसी की हिस्सेदारी निम्नानुसार थीः




31 मार्च 2015 को समाप्त छह वर्षों के दौरान समग्र देश में और निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए चयनित प्रत्येक सीपीएसई में हाइड्रो पावर प्रतिष्ठापित क्षमता और हाइड्रो पावर उत्पादन के ब्यौरे ***अनुबंध 1.1*** में दिए गए है।

*[3] इसमें रामपुर पावर स्टेशन शामिल है जिसे मई और दिसंबर 2014 के बीच वाणिज्यिक प्रचालन के अंतर्गत रखा गया था।*

## 1.4 सीपीएसईज की वित्तीय स्थिति

31 मार्च 2015 को समाप्त छह वर्षों के दौरान चार सीपीएसईज की वित्तीय स्थिति और कार्यकारी परिणामों को तालिका 1.2 में दर्शाया गया है।

**तालिका 1.2**

**2009-2015 के दौरान सीपीएसईज की वित्तीय स्थिति तथा निष्पादन का वर्षवार विवरण**

(₹करोड़ में)

| विवरण | वित्तीय वर्ष | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
| **एनएचपीसी** | | | | | | |
| प्रदत्त पूंजी | 12300.74 | 12300.74 | 12300.74 | 12300.74 | 11070.67 | 11070.67 |
| आरक्षित निधि एवं अधिशेष | 10972.45 | 12279.94 | 14052.79 | 15539.76 | 14996.98 | 17215.72 |
| कुल राजस्व | 4892.09 | 4932.11 | 6790.74 | 6539.43 | 6993.99 | 7663.58 |
| निवल लाभ | 2090.50 | 2166.67 | 2771.77 | 2348.22 | 978.79 | 2124.47 |
| निवल संपति पर प्रतिफल[4](%) | 8.98 | 8.81 | 10.52 | 8.43 | 3.75 | 7.51 |
| **एसजेवीएन** | | | | | | |
| प्रदत्त पूंजी | 4108.81 | 4136.63 | 4136.63 | 4136.63 | 4136.63 | 4136.63 |
| आरक्षित निधि एवं अधिशेष | 2528.25 | 3068.89 | 3685.65 | 4273.38 | 4913.72 | 6066.41 |
| कुल राजस्व | 1908.73 | 1955.82 | 2136.79 | 1916.62 | 2110.72 | 3261.10 |
| निवल लाभ | 972.74 | 912.13 | 1068.68 | 1052.34 | 1114.63 | 1676.75 |
| निवल संपति पर प्रतिफल (%) | 14.66 | 12.66 | 13.66 | 12.51 | 12.32 | 16.43 |
| **टीएचडीसी** | | | | | | |
| प्रदत्त पूंजी | 3297.58 | 3297.58 | 3297.58 | 3443.09 | 3473.09 | 3528.88 |
| आरक्षित निधि एवं अधिशेष | 2152.98 | 2475.30 | 2864.56 | 3328.40 | 3858.15 | 4309.43 |
| कुल राजस्व | 1423.91 | 1689.27 | 2055.08 | 2026.53 | 2182.38 | 2407.93 |
| निवल लाभ | 479.95 | 600.48 | 703.83 | 531.38 | 585.32 | 691.15 |
| निवल संपति पर प्रतिफल (%) | 8.81 | 10.40 | 11.42 | 7.85 | 7.98 | 8.82 |
| **एनएचडीसी** | | | | | | |
| प्रदत्त पूंजी | 1962.58 | 1962.58 | 1962.58 | 1962.58 | 1962.58 | 1962.58 |
| आरक्षित निधि एवं अधिशेष | 1231.98 | 1490.49 | 2068.96 | 2575.71 | 2699.95 | 3166.09 |
| कुल राजस्व | 1005.93 | 1025.75 | 1450.51 | 1338.19 | 2115.43 | 1548.85 |
| निवल लाभ | 212.30 | 304.13 | 646.90 | 575.64 | 1063.63 | 766.46 |
| निवल संपति पर प्रतिफल (%) | 6.64 | 8.80 | 16.04 | 12.68 | 22.81 | 14.94 |

[4] *निवल लाभ प्रदत्त पूंजी जमा आरक्षित एवं अधिशेष के प्रतिशत के रूप में संगणित*